दिनांक : 25/04/2026 समय :7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आज जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह और कैंसर सर्वाइवर्स डे में होंगे शामिल
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- किसानों की आमदनी पक्की करना सरकार की पहली प्राथमिकता, गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया
- केंद्र ने एमएसपी पर गेहूं खरीद का लक्ष्य 15% बढ़ाकर 3 करोड़ 45 लाख टन किया, प्रदेश से 1 करोड़ टन खरीद का अनुमान
- आईपीएल में RCB ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। दोपहर में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला

**अब समाचार विस्तार से:—**

**उप-राष्ट्रपति- राजस्थान**

उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आज राजस्थान की राजधानी जयपुर में, राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। वे जयपुर में भगवान महावीर कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र द्वारा आयोजित 23वें कैंसर सर्वाइवर्स डे में भी भाग लेंगे।

**मोहन यादव- संबोधन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रात 9 बजे सोशल मीडिया पर लाइव आकर प्रदेशवासियों को संबोधित किया। डॉ. यादव ने कहा कि इस बार रिकॉर्ड गेहूं पैदावार को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्रदेश में गेहूं खरीद का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। अब किसान 9 मई तक स्लॉट बुकिंग करा सकते हैं और खरीद हफ्ते में 6 दिन होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की मेहनत को सम्मान देना और उनकी आमदनी पक्की करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

**ईंधन आपूर्ति**

पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और LPG की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सरकार ने लोगों से घबराहट में खरीदारी न करने की अपील की है। 1 अप्रैल से अब तक 5 किलो के सिलेंडरों की 17 लाख 83 हजार लाख से ज्यादा बिक्री हो

चुकी है और प्रवासी मजदूरों के लिए इनकी आपूर्ति दोगुनी कर दी गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि गैस सिलेंडर की बिक्री सुचारू रूप से चल रही हैं।

**गेहूं खरीद लक्ष्य**

केंद्र सरकार ने इस सीजन में एमएसपी पर गेहूं खरीद का लक्ष्य 15 फीसदी बढ़ाकर 3 करोड़ 45 लाख टन कर दिया है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि यह फैसला बेमौसम बारिश से फसल नुकसान झेलने वाले किसानों की मदद के लिए लिया गया है। मध्य प्रदेश से 1 करोड़ टन, उत्तर प्रदेश से ढाई करोड़ टन और राजस्थान से 23.50 लाख टन खरीद का अनुमान है।

**राघव चड्ढा- प्रेस कॉन्फ्रेंस**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कल संदीप पाठक और अशोक कुमार मित्तल के भाजपा का दामन थाम लिया। राघव चड्ढा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाती मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता भी इस फैसले के साथ हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों का है, इसलिए दलबदल कानून लागू नहीं होगा।

**भारत-न्यूजीलैंड-FTA**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को हस्ताक्षर होंगे। इससे पहले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकले का भारत में स्वागत किया। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाएं कम होंगी और बाजार तक पहुंच आसान होगी।

**गोविंद सिंह राजपूत- लोकार्पण**

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कल सागर जिले की सुरखी विधानसभा के कई गांवों का दौरा कर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें पेयजल पाइपलाइन, पक्की सड़कें, स्कूल भवन, आंगनवाड़ी और सामुदायिक भवन जैसी तमाम सुविधाएं शामिल हैं।

**'कृषि चौपाल'**

कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना का कहना है कि प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में 'कृषि चौपाल' के जरिए किसानों को नरवाई न जलाने के फायदे समझाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि 1 टन नरवाई जलाने से मिट्टी के जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, साथ ही धुएं से सांस और आंखों की बीमारियां और सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ता है। वहीं नरवाई को खेत में मिलाने पर पानी रोकने की क्षमता 30 फीसदी बढ़ती है और अगली फसल में 20 फीसदी कम यूरिया लगती है, इसके लिए सरकार यंत्रों पर 50 फीसदी तक अनुदान भी दे रही है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी अहलूवालिया ने उमरिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कांग्रेस, TMC, DMK और सपा पर आरोप लगाया कि इन दलों ने इस कानून का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों का अपमान किया है।

**प्रतिभा- प्रोत्साहन राशि**

पन्ना की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी ने एमपी बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 500 में से 499 अंक लाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें मुख्यमंत्री निवास बुलाकर 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट की। डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभा जैसी बेटियां पूरे प्रदेश की शान हैं और उनकी सफलता लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

**'गौ सम्मान आवाहन अभियान'**

गौ संरक्षण को लेकर 27 अप्रैल को देशभर की 5 हजार से ज्यादा तहसीलों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां संत और गौ-भक्त शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। अभियान की मुख्य मांग गाय को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाना और गौ-हत्या पर पूरे देश में सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाना है।

**तेंदूपत्ता संग्राहक**

प्रदेश सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दी है. इससे प्रदेश की करीब 20 लाख महिला संग्राहकों को सीधे करीब 345 करोड़ करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। इसके अलावा महिलाओं को करीब 65 करोड़ रुपये का बोनस भी दिया गया है। प्रदेश में करीब 41 लाख संग्राहकों में लगभग आधी महिलाएं हैं, जो इस काम से अपनी आजीविका चलाती हैं।

**केदारनाथ धाम**

बुधवार को कपाट खुलने के बाद से केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और तीन दिनों में 90 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। पहले दिन 38 हजार, दूसरे दिन 25 हजार और तीसरे दिन 30 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचे। भीड़ को देखते हुए वहां पुलिस, SDRF और NDRF की टीमें तैनात हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**लू का अलर्ट**

IMD भोपाल ने आज प्रदेश के 23 से ज्यादा जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, रीवा, सतना, उज्जैन, रतलाम समेत कई जिलों में लू चलने की चेतावनी दी गई है। इस समय छतरपुर जिला प्रदेश में सबसे गर्म है और बाकी जिलों में भी पारा 40 डिग्री से ऊपर बना रहेगा।

**सौर ऊर्जा संयंत्र**

नवीन ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश के 6 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने अब भौतिक अनुबंध की जगह डिजिटल एग्रीमेंट की मंजूरी दे दी है, जिससे रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग और इंस्टॉलेशन जैसे तमाम शुल्कों में कमी आएगी।

**आ□पीएल**

आईपीएल में कल चिन्नास्वामी स्टेडियम में RCB ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 205 रन बनाए, जिसके जवाब में RCB ने 18.5 ओवर में 206 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

आज दोपहर 3:30 बजे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच होगा, जहां 11 अंकों के साथ टॉप पर चल रही पंजाब का सामना 6वें स्थान पर काबिज दिल्ली से होगा।

वहीं दूसरी तरफ भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें आज रात साढ़े 9 बजे जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में चौथा T20 मैच खेलेंगी। सीरीज में दक्षिण अफ्रीका 3-0 से आगे है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- **खंडवा** में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कल सिंहस्थ-2028 के लिए संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की।
2- **मंदसौर** परिवहन विभाग द्वारा शहर के प्रमुख बस स्टैंडों पर पोस्टर्स के माध्यम से आमजन को 'राहवीर योजना' की जानकारी दी गई।
3- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से **आगरमालवा** स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला हुई।
4- **डिंडोरी** की ग्राम पंचायत हिनौता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का कल आयोजन हुआ।
5- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल 26 अप्रैल को आयोजित। **झाबुआ** जिला मुख्यालय पर भी बनाए गए परीक्षा केंद्र। परीक्षा दो सत्रों में होगी।
6- **विदिशा** मे अत्यधिक गर्मी और लू को देखते हुए प्राथमिक कक्षाओं की छुट्टी 30 अप्रैल तक घोषित।
7- **बतूल** कलेक्टर ने रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनकर दिये निराकरण के निर्देश।
8- **मंडला** जिला योजना भवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

-------------